**राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज, आजमगढ़ के प्रशासकीय परिषद की दिनांक 08 जनवरी 2019, दिन मंगलवार को माननीय मन्त्री, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार की अध्यक्षता में सिविल सर्विसेज इन्स्टीट्यूट, राज भवन कालोनी, लखनऊ में सम्पन्न चतुर्थ बैठक की कार्यवृत्त :-**

**बैठक में उपस्थिति निम्नवत् रही :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री आशुतोष टण्डन ''गोपाल जी'',<br>माननीय मंत्री, प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उ0प्र0 सरकार | अध्यक्ष |
| 2. | श्री भुवनेश कुमार, आई0ए0एस0,<br>सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उ0प्र0 शासन | उपाध्यक्ष |
| 3. | प्रो0 विनय कुमार पाठक,<br>कुलपति, डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,<br>लखनऊ | सदस्य |
| 4 | श्री सरोज कुमार, आई0ए0एस0,<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उ0प्र0 शासन | विशेष आमंत्रित<br>सदस्य |
| 5. | प्रो0 दिनेश कुमार,<br>कुलपति, YMCA यूनिवर्सिटी ऑफ साइन्स एण्ड टेक्नॉलाजी,<br>फरीदाबाद | अभातशिप नामित<br>सदस्य |
| 6. | प्रो0 रामजी अग्रवाल, इमेरिट्स प्रोफेसर,<br>सिविल इन्जी0 विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>बी0एच0यू0, वाराणसी | सदस्य |
| 7. | प्रो0 डी0 के0 सिंह, प्रोफेसर,<br>मैकेनिकल इन्जीनियरिंग विभाग, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,<br>गोरखपुर | सदस्य |
| 8. | श्री आर0सी0 राजपूत,<br>निदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>कानपुर | सदस्य |
| 9. | श्री इन्द्रजीत विश्वकर्मा,<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेशन निदेशालय,<br>लखनऊ | वित्त विभाग द्वारा<br>नामित सदस्य |
| 10. | श्री अवध किशोर,<br>उप सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उ0प्र0 शासन | विशेष आमंत्रित<br>सदस्य |
| 11. | श्री नितिन गुप्त,<br>अनुभाग अधिकारी, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग -एक,<br>उ0प्र0 शासन | विशेष आमंत्रित<br>सदस्य |
| 12. | प्रो0 सत्य प्रकाश पाण्डेय,<br>निदेशक, राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज, आजमगढ़ | सदस्य/ सचिव |



08.01.2019

बैठक में प्रस्तावित एजेण्डा बिन्दुओं पर निम्नवत् निर्णय लिये गये :-

**04:01 प्रशासकीय परिषद की दिनांक 30.09.2016 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

परिषद द्वारा कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी एवं अनुमोदन प्रदान किया गया।

**04:02 प्रशासकीय परिषद की दिनांक 30.09.2016 को सम्पन्न तृतीय बैठक में लिए गये निर्णय पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

परिषद तृतीय बैठक के निर्णयों के सापेक्ष कृत कार्यवाही से अवगत हुई।

**04:03 प्रशासकीय परिषद की दिनांक 30.09.2016 को सम्पन्न तृतीय बैठक के बाद संस्थान में हुए विकास कार्यो एवं अन्य शैक्षिक क्रिया-कलापों से परिषद को अवगत कराना।**

परिषद संस्थान के क्रिया कलापों से अवगत हुई। प्लेसमेंट को बढ़ावा देने हेतु परिषद द्वारा प्लेसमेंट एजेन्सी की सहायता लिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निर्माण कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड को छात्रावास के निर्माण कार्य को 15 फरवरी 2019 एवं सम्पूर्ण परियोजना को 15 जून 2019 तक पूर्ण करवाये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**04:04 संस्थान के विजन एवं मिशन का अवलोकन एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा प्रस्ताव पर सहमति सहित अनुमोदन प्रदान किया गया।

**04:05 टेक्विप योजना के अन्तर्गत अद्यतन गतिविधियों, प्रगति आख्या एवं प्रोक्योरमेंट प्लान पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा टेक्विप योजना के अन्तर्गत प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रस्तावित प्रोक्योरमेंट प्लान एवं एक्शन प्लान का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**04:06 दीन दयाल गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्वविद्यालय से प्राप्त अनुदान के सापेक्ष प्रस्ताव, प्रगति पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा दीन दयाल गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान के सापेक्ष संस्थान के प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया गया, प्रगति संतोषजनक प्राप्त हुई।

**04:07 संस्थान की विभिन्न समितियों में सदस्यों के प्रशासकीय परिषद द्वारा नामांकन की सूचना एवं अनुमोदन।**

समिति द्वारा नामित सदस्यों के नामांकन से परिषद अवगत हुई और परिषद द्वारा चयन समिति बिन्दु 4C(iv) के अन्तर्गत प्रशासकीय परिषद के सदस्य प्रो0 रामजी अग्रवाल, इमेरिट्स प्रोफेसर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बी0एच0यू0), वाराणसी के नाम का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**04:08 अखिल भारतीय तकनीकि शिक्षा परिषद द्वारा संस्थान के प्रशासकीय परिषद एवं चयन समिति में नामांकन की सूचना।**

परिषद अखिल भारतीय तकनीकि शिक्षा परिषद द्वारा प्रशासकीय परिषद एवं चयन समिति में नामांकन से अवगत हुई।



08.01.2019

**04:09 संस्थान में शिक्षकों के चयन के लिए विषय विशेषज्ञों के पैनल का अनुमोदन।**

परिषद द्वारा शिक्षकों के चयन हेतु नामित विशेषज्ञों के पैनल का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**04:10 संस्थान में रिक्त शैक्षिक के विज्ञापन 2016 एवं 2017 के सापेक्ष कृत कार्यवाही का अवलोकन एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा प्रस्ताव के सापेक्ष कृत कार्यवाही का अवलोकन किया गया। अध्यक्ष प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्राप्त है। परिषद द्वारा सहमति सहित अनुमोदन प्रदान किया गया।

**04:11 निदेशक की नियुक्ति का औपचारिक अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

परिषद द्वारा निदेशक प्रो0 सत्य प्रकाश पाण्डेय की नियुक्ति का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**04:12 रिक्त शैक्षिक पदों पर चयन किये जाने हेतु प्रस्ताव पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। NBA प्रत्यायन की आवश्यकता के दृष्टिगत परिषद द्वारा नियमित मात्र प्रोफेसर एवं एसोसिएट प्रोफेसर के पदों पर अखिल भारतीय तकनीकि शिक्षा परिषद द्वारा जारी नये छात्र : शिक्षक अनुपात 20 : 01 के मानको के अनुरूप निर्धारित प्रक्रिया अपनाते हुए सम्पूर्ण अनुमोदित पदों के सापेक्ष मात्र आवश्यक पदों पर नियुक्ति की कार्यवाही किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। अवशेष अनुमोदित पदों पर नियुक्ति की कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी। इसके साथ ही आवश्यकता के अनुसार प्रोफेसर एवं एसोसिएट प्रोफेसर के पदों पर सेवानिवृत्त शिक्षकों, जिनकी अधिकतम आयु सीमा 70 वर्ष अथवा Adjunct Faculty के नियमित पदों पर चयन होने तक नियुक्ति की कार्यवाही किये जाने हेतु अनुमोदन दिया गया।

**04:13 माननीय मंत्री जी प्राविधिक शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में सम्पन्न विभागीय समीक्षा बैठक के अन्तर्गत प्राप्त निर्देश के क्रम में विज्ञापित शिक्षणेत्तर पदों पर की गयी कार्यवाही की सूचना।**

परिषद माननीय मंत्री प्राविधिक शिक्षा विभाग के निर्देशानुक्रम में कृत कार्यवाही से अवगत हुई।

**04:14 ग्रेड पे 4200 से अधिक के शिक्षणेत्तर पदों पर चयन किये जाने हेतु प्रस्ताव पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा प्रस्तावित पदों एवं विज्ञापन का अवलोकन किया गया एवं निर्धारित प्रक्रिया अपनाते हुए नियुक्ति की कार्यवाही किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

**04:15 संस्थान की सोसाईटी में एवं प्रशासकीय परिषद में शासन स्तर से नामांकन की सूचना।**

परिषद शासन स्तर से सोसाईटी एवं प्रशासकीय परिषद में नामित सदस्यों की सूचना से अवगत हुई।

**04:16 टेक्विप योजना के अन्तर्गत प्राप्त निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा निर्धारित स्वरूप में प्रशासकीय परिषद के गठन पर विचार एवं अनुमोदन।**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा टेक्विप-।।। के लिए की गयी अपेक्षा के क्रम में प्रशासकीय परिषद के अध्यक्ष के रूप में माननीय मंत्री, प्राविधिक शिक्षा विभाग के स्थान पर किसी



00.01.2019

शिक्षाविद/ उद्योगविद को राज्य सरकार द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिए नामित किये जाने विषयक प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**04:17 वित्त समिति की विभिन्न बैठकों के कार्यवृत्त का अवलोकन एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा वित्त समिति की बैठकों के कार्यवृत्त का अवलोकन किया गया एवं अनुमोदन प्रदान किया गया।

**04:18 केन्द्रीय क्रय समिति के विभिन्न बैठकों के कार्यवृत्त का अवलोकन एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा केन्द्रीय क्रय समिति की बैठकों के कार्यवृत्त का अवलोकन किया गया एवं अनुमोदन प्रदान किया गया।

**04:19 विश्वविद्यालय द्वारा संस्थान को रिसर्च सेन्टर बनाये जाने की सूचना के सम्बन्ध में।**

परिषद सूचना से अवगत हुई।

**04:20 संस्थान में खेल-कूद के मैदान हेतु चहारदीवारी से सटे ग्राम सभा की जमीन का लीज के आधार पर अधिग्रहण करने पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा प्रस्ताव का अवलोकनोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया एवं अग्रिम कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**04:21 शैक्षिक सत्र 2015-16 एवं 2017-18 में छात्रवृत्ति प्राप्त न होने के कारण अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति के छात्र-छात्राओं के शुल्क का वित्तीय क्षति की सूचना।**

परिषद द्वारा इस उत्तर प्रदेश शासन द्वारा छात्रवृत्ति दी जाती है, के द्वारा पूर्व वर्षों में संस्थान में फीस न जमा कराये जाने के कारण उत्पन्न समस्या के लिए जिम्मेदारी निर्धारित करने, समस्या के कारणों एवं उनके निवारणों के सम्बन्ध में शासन स्तर से समिति गठित किये जाने हेतु अनुरोध प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसकी सूचना शासन को भी उपलबध करायी जाए।

**04.22 डॉ0 अम्बरीष सिंह के द्वारा भारतीय प्रबन्धन संस्थान अहमदाबाद में Faculty Develpoment Programme में प्रतिभाग किये जाने हेतु अनुमोदन।**

परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**04.23 संस्थान के छात्रावासों के नामकरण के सम्बन्ध में प्रस्ताव का अनुमोदन।**

परिषद द्वारा प्रस्तावित नामों के स्थान पर वैज्ञानिकों/ तकनीकि विदों/ शिक्षाविदों के नाम पर सहमति व्यक्त की गयी एवं निम्न अनुसार नामांकन की स्वीकृति प्रदान की गयी :-

1. रामानुजन छात्रावास
2. विश्वैश्वरैया छात्रावास
3. कल्पना चावला छात्रावास
4. गार्गी छात्रावास

**04:24 एक अद्द कार किराये के आधार पर प्रयोग किये जाने हेतु प्रस्ताव पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा नियमित अन्तराल पर व्यय की समीक्षा करते हुए आवश्यकता अनुसार



08.01.2019

व्यय नियन्त्रण के प्रतिबन्ध के साथ एक अद्द वाहन के किराये पर प्रयोग किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

**04:25 संस्थान में स्थायी पदों पर कार्यरत शिक्षकों के एन0पी0एस0 कटौती के सम्बन्ध में।**

परिषद उपरोक्त प्रस्ताव के अन्तर्गत निहित सूचना से अवगत हुई।

**04:26 अन्य अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव।**

**04.26.01 संस्थान के निम्नलिखित मदों हेतु प्रशासकीय परिषद द्वारा पांच सदस्यीय समिति गठित किये जाने के सम्बन्ध में अनुमोदनः-**

प्रशासकीय परिषद द्वारा निम्नलिखित मदों के सम्बन्ध में एक समान नीति/ दिशा-निर्देश बनाये जाने हेतु शासन स्तर से एक समिति गठित किये जाने हेतु अनुरोध किये जाने हेतु निर्देशित किया गया :-

**04.26.01.01:** राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज आजमगढ़ के ऐसे छात्रों, जिन्हें उत्तर प्रदेश शासन द्वारा छात्रवृत्ति दी जाती है, के द्वारा पूर्व वर्षों में संस्थान में फीस न जमा कराये जाने के कारण उत्पन्न समस्या के लिए जिम्मेदारी निर्धारित करने, समस्या के कारणों एवं उनके निवारणों के सम्बन्ध में।

**04.26.01.02:** विभिन्न संस्थानों की प्रशासकीय परिषद व अन्य समितियों की बैठकों में प्रतिभाग करने हेतु सदस्यों/ बाह्य सदस्यों को दिये जाने वाले मानदेय की एक रूपता निर्धारित किये जाने के सम्बन्ध में।

**04.26.01.03:** संस्थान द्वारा फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम अथवा इसी प्रकार की अन्य योजनाओं में फैकल्टी सदस्यों के प्रतिभाग किये जाने हेतु एक समान नीति/ दिशा निर्देश निर्धारित किये जाने के सम्बन्ध में।

**04.26.01.04:** उत्तर प्रदेश के विभिन्न राजकीय अभियान्त्रिकी संस्थानों की परीक्षण एवं परामर्शी (टेस्टिंग एवं कन्सल्टेंसी) नियमावली में एकरूपता लाने एवं कार्पस फण्ड/ इन्डाउमेंट फण्ड की नियमावली बनानें के सम्बन्ध में।

**04.26.01.05:** संस्थान द्वारा आउसोर्स कर्मचारियों वित्त विभाग द्वारा जारी शासनादेश का अनुपालन करते हुए अनुमति प्राप्त की जाए।

**04.26.01.06:** भविष्य में वित्त विभाग से अनुमति प्राप्त कर किराए, अनुबन्ध अथवा आउटसोर्स के माध्यम से वाहन प्रयोग किये जाएं।

**04.26.02 : संस्थान के वित्तीय आडिट कराये जाने के सम्बन्ध में निर्णय :-**

परिषद द्वारा सक्षम स्तर से संस्थान के वित्तीय आडिट कराये जाने हेतु अनुरोध कर कार्य को पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई।

06.01.2019

**(प्रो0 सत्य प्रकाश पाण्डेय)**
**सदस्य/ सचिव**
**प्रशासकीय परिषद**
**राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज**
**आजमगढ़**

**(भुवनेश कुमार, आई0ए0एस0)**
**उपाध्यक्ष**
**प्रशासकीय परिषद**
**राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज**
**आजमगढ़**

**(आशुतोष टण्डन "गोपाल जी")**
**अध्यक्ष**
**प्रशासकीय परिषद**
**राजकीय इन्जीनियरिंग कालेज**
**आजमगढ़**